e-mail:-astha.itawa@gmail.com

कार्यालय प्राचार्य

Ph.: 98284-66262, 94131-28104

# आस्था महाविद्यालय, इटावा

पीपल्दा रोड़, इटावा, जिला–कोटा (राज.)

क्रमांकः–

दिनांक: दिसम्बर 2024

## सूचना

महाविद्यालय के सभी स्वयंसेवकों को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बारां के विशेष सहयोग से आयोजित किया जाएगा। शिविर के दौरान स्वयंसेवक गोद लिए गए गांव खोड़ावदा और चंबल कॉलोनी में विभिन्न सामाजिक और पर्यावरणीय गतिविधियों का संपादन करेंगे।

सभी स्वयंसेवकों की उपस्थिति इस शिविर में अनिवार्य होगी। प्रतिभागियों को अपने साथ डायरी, पेन तथा आवश्यक किट अवश्य लानी है ताकि वे गतिविधियों का सुव्यवस्थित रूप से संपादन कर सकें। शिविर के दौरान अनुशासन का पालन करना और सेवा भाव को बनाए रखना प्रत्येक स्वयंसेवक की जिम्मेदारी होगी

**शिविर का विवरण:**

- अवधि: 18 दिसम्बर 2024 से 24 दिसम्बर 2024 (7 दिवस )
- समय: प्रातः 09:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक
- स्थान: खोड़ावदा गांव एवं चंबल कॉलोनी

PRINCIPAL
ASTHA MAHAVIDYALAYA
ITAWA KOTA (RAJ.)

आदेशानुसार

डॉ. कमलेश दायमा
प्राचार्य
आस्था महाविद्यालय, इटावा

## राष्ट्रीय सेवा योजना : सात दिवसीय विशेष शिविर

दिनांक: 18 दिसम्बर 2024 से 24 दिसम्बर 2024

आस्था महाविद्यालय, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बारां के विशेष सहयोग से दिनांक 18 दिसम्बर 2024 से 24 दिसम्बर 2024 तक सात दिवसीय विशेष शिविर का सफल आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरण संरक्षण, सेवा भाव और अनुशासन की भावना को सुदृढ़ करना था।

शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर में हुआ, जहाँ प्राचार्य डॉ. कमलेश दायमा और राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्री रामचंद्र दायमा ने स्वयंसेवकों को शिविर की रूपरेखा और अनुशासन संबंधी निर्देश दिए। उद्घाटन अवसर पर स्वयंसेवकों को यह संदेश दिया गया कि समाज सेवा केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन का संस्कार है।

दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने गोद लिए गए खोड़ावदा ग्राम और चंबल कॉलोनी में घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया। इस सर्वेक्षण में ग्रामवासियों से उनके रहन-सहन, स्वास्थ्य समस्याओं और डंपिंग यार्ड से उत्पन्न कठिनाइयों की जानकारी जुटाई गई। विद्यार्थियों ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी वास्तविक समस्याओं को समझा और समाधान के उपायों पर चर्चा की।

तीसरे दिन सामाजिक कुरीतियों और पर्यावरणीय चुनौतियों के विरुद्ध नारा लेखन गतिविधि आयोजित की गई। स्वयंसेवकों ने दीवारों और पोस्टरों पर प्रेरक नारों के माध्यम से जागरूकता फैलाने का कार्य किया। इस गतिविधि ने ग्रामवासियों को सामाजिक बुराइयों और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर सोचने के लिए प्रेरित किया।

चौथे दिन ग्रामीणों को खेती-किसानी की आधुनिक तकनीकों और ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि नई तकनीकों को अपनाकर किसान अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बना सकते हैं। इस अवसर पर किसानों को यह भी समझाया गया कि जलवायु परिवर्तन के कारण समय पर वर्षा न होने से फसल उत्पादन प्रभावित हो रहा है, इसलिए वैज्ञानिक पद्धतियों का प्रयोग आवश्यक है।

पाँचवें दिन स्वयंसेवकों ने सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया। नीम, पीपल, गुलमोहर और जामुन जैसे पौधों का रोपण किया गया तथा उनकी सुरक्षा हेतु ट्री-गार्ड भी लगाए गए। इस अभियान का उद्देश्य केवल पौधारोपण ही नहीं, बल्कि उनकी दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित करना था।

छठे दिन स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। स्वयंसेवकों ने ग्रामवासियों को स्वच्छता बनाए रखने, रोगों से बचाव और निरोगी जीवन के महत्व के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर ग्रामीणों को बताया गया कि स्वच्छता ही स्वास्थ्य की कुंजी है और निरोगी जीवन ही सच्चा सुख है।

सातवें दिन शिविर का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम और अनुभव साझा करने के साथ हुआ। स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना गीत गाए और सामुदायिक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि इस शिविर ने उन्हें समाज की वास्तविकताओं से जोड़ने का अवसर दिया।

इस सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर ने विद्यार्थियों को सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों की गहरी समझ प्रदान करते हुए उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित किया। वृक्षारोपण, सर्वेक्षण और जागरूकता जैसी गतिविधियों ने महाविद्यालय और स्थानीय समुदाय के बीच सकारात्मक जुड़ाव स्थापित किया। साथ ही इस आयोजन ने सेवा, अनुशासन, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को विद्यार्थियों में प्रबल किया। यह शिविर महाविद्यालय के लिए एक प्रेरणादायी और शिक्षाप्रद अनुभव सिद्ध हुआ, जिसने विद्यार्थियों को सामुदायिक सेवा और स्थायी विकास की दिशा में अग्रसर किया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का शुभारंभ



इटावा. शिविर में जानकारी देते पठान। पत्रिका

इटावा @ पत्रिका. आस्था महाविद्यालय इटावा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉक्टर कमलेश दायमा की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि अध्यक्ष आस्था शोध विकास संस्था बूंदी हसन अब्बास पठान रहे।

अतिथियों ने सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य डॉ. दायमा ने स्वयंसेवकों को कहा कि शिविर के दौरान सभी को कर्तव्य निष्ठा व समाज सेवा के प्रति जागरूक रखकर कार्य करना चाहिए। मुख्य अतिथि पठान ने स्वयंसेवकों को बुरी आदतों को त्यागने की अपील की और पहला सुख निरोगी काया का संदेश दिया। कार्यक्रम प्रभारी रामचंद्र दायमा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया व सभी स्वयं सेवकों को विशेष शिविर के दौरान किए जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी दी और राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों के बारे में बताया। संचालन हिंदी व्याख्याता श्याम बिहारी नायक ने किया। इस अवसर पर स्वयं सेवकों ने गोद लिए गांव खोड़ावदा में वृक्षारोपण व नारा लेखन का कार्य किया।

20/12/2024

## विद्यार्थियों ने खोड़ावदा व चंबल कॉलोनी में किया सर्वे

न्यूज सर्विस/नवज्योति, इटावा। आस्था महाविद्यालय इटावा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के दूसरे दिन गुरुवार को विद्यार्थियों ने खोड़ावदा व चंबल कॉलोनी में घर-घर जाकर सर्वे किया। सर्वे में स्वयंसेवकों ने घर घर जाकर हर परिवार के सदस्यों से किशनपुरा व खोड़ावदा गांव के बीच स्थित डंपिंग यार्ड से होने वाली समस्याओं से संबंधित ग्रामवासियों से प्रश्न पूछे व उससे गांव में होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जाना व उसके निराकरण व बचने के उपायों पर चर्चा की। स्वयंसेवकों के एक दल ने चंबल कॉलोनी के आसपास उपस्थित लोगों व अभिभावक परिषद के सदस्यों से डंपिंग यार्ड से होने दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी ली। सर्वे में गांव के लोगों ने बताया कि डंपिंग यार्ड के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्राचार्य डॉ. कमलेश दायमा ने सभी स्वयंसेवकों को सेवा ही परम धर्म का पाठ पढ़ाया व सभी को शिविर के दौरान पूरी निष्ठा व लगन से कार्य करने की बात कही। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी रामचंद्र दायमा ने सभी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत किया जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी प्रदान की। श्यामबिहारी नायक, कमलेश्वर मीना आदि उपस्थित रहे।



# एनएसएस के विशेष शिविर में ग्रामवासियों को दी खेती किसानी की जानकारी



संदेश न्यूज। इटावा. आस्था महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के चौथे दिन खेती किसानी के विशेष जानकार एडवोकेट भागवंत सिंह आशावत ने ग्रामवासियों को खेती किसानी से संबंधित विशेष जानकारी दी।

इस दौरान उन्होंने बताया कि खेती में नई तकनीकियों का उपयोग करके हम अच्छा उत्पादन पैदा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग के कारण जो प्राकृतिक असंतुलन पैदा हो रहा है इसका सबसे अधिक प्रभाव खेती पर पड़ रहा है, जिससे हमारी आर्थिक व शारीरिक स्थिति कमजोर होती जा रही है, इसलिए भविष्य को ध्यान में रखते हुए खेती की नई तकनीक को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बना सकते हैं। आस्था शोध एवं विकास संस्था बूंदी के अध्यक्ष हसन अब्बास पठान ने कहा कि उन्नत खेती से भी अच्छी आमदनी कर सकते है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी रामचंद्र दायमा ने शिविर में होने वाली गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।






# ASTHA MAHAVIDHYALAYA, ITAWA

**PIPALDA ROAD, ITAWA, KOTA (RAJ.) 325004**

**(Affiliated to Kota University, Kota)**

**Name of the Programme: 7 Days NSS Camp**
**Date: 18-24 December,2024**

## Attendance List

| S.No. | Student Name | Gender | Class |
|---|---|---|---|
| 1 | Abhishek Nayak | Male | BA I YEAR |
| 2 | Tarun Pareta | Male | BSC BIO II YEAR |
| 3 | Harish Kumar Gochar | Male | BA II YEAR |
| 4 | Kapil Meena | Male | BSC BIO II YEAR |
| 5 | Vikas Bairwa | Male | BABED III YEAR |
| 6 | Suraj Prajapat | Male | BSC BIO II YEAR |
| 7 | Aman Meena | Male | BABED II YEAR |
| 8 | Mohit Prajapat | Male | BSCBED III YEAR |
| 9 | Hariom Meena | Male | BSC MATH II YEAR |
| 10 | Hitesh Kumar Prajapat | Male | BSCBED III YEAR |
| 11 | Devaki Nandan Suman | Male | BSC MATH II YEAR |
| 12 | Vikram Yogi | Male | BSC BIO II YEAR |
| 13 | Ajay Suman | Male | BA II YEAR |
| 14 | Anmol Nama | Male | BABED III YEAR |
| 15 | Amit Kumar Sharma | Male | BSC MATH II YEAR |
| 16 | Abhishek Meena | Male | BA I YEAR |
| 17 | Sachin Maida | Male | BSCBED III YEAR |
| 18 | Naveen Suman | Male | BSCBED III YEAR |
| 19 | Rohit Bairagi | Male | BSC BIO II YEAR |
| 20 | Kuldeep | Male | BA I YEAR |
| 21 | Yashika Sharmma | Female | BSCBED III YEAR |
| 22 | Khushnuma Ansari | Female | BSCBED III YEAR |
| 23 | Nikita Kewat | Female | BA I YEAR |
| 24 | Hemlata Nahar | Female | BABED I YEAR |
| 25 | Shital Vaishnav | Female | BSC MATH II YEAR |
| 26 | Anjana Nagar | Female | BSCBED III YEAR |
| 27 | Priyanka Arya | Female | BSC MATH II YEAR |
| 28 | Jyoti Sharma | Female | BA I YEAR |
| 29 | Ankita Suman | Female | BSC BIO I YEAR |
| 30 | Muskan | Female | BSC BIO II YEAR |

24/12/24

PRINCIPAL
ASTHA MAHAVIDYALAYA
ITAWA KOTA (RAJ.)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 31 | Priya Nagar | Female | BSCBED III YEAR |
| 32 | Rishita Arya | Female | BSCBED III YEAR |
| 33 | Harshita Panwar | Female | BSCBED III YEAR |
| 34 | Sapna Kumari Mahawar | Female | BSC BIO II YEAR |
| 35 | Komal Malviya | Female | BSC BIO II YEAR |
| 36 | Tanisha Bano | Female | BA II YEAR |
| 37 | Diksha Meena | Female | BSC BIO II YEAR |
| 38 | Nisha Gome | Female | BA I YEAR |
| 39 | Priyanshi Meena | Female | BABED II YEAR |
| 40 | Sakshi Pareta | Female | BSCBED III YEAR |
| 41 | Anju Panchal | Female | BSCBED III YEAR |
| 42 | Shivani Bairwa | Female | BSC BIO I YEAR |
| 43 | Tamanna Nagar | Female | BABED I YEAR |
| 44 | Laxmi Meena | Female | BSC BIO II YEAR |
| 45 | Shipra Meena | Female | BA I YEAR |
| 46 | Komal Kumari Yadav | Female | BSCBED III YEAR |
| 47 | Monika Meena | Female | BSCBED III YEAR |
| 48 | Isha Yadav | Female | BA I YEAR |
| 49 | Yamini Prajapati | Female | BSC BIO II YEAR |
| 50 | Sapna Kumari | Female | BSC MATH II YEAR |
| 51 | Anisha Kushwah | Female | BSC BIO II YEAR |
| 52 | Simran Bairwa | Female | BSC MATH II YEAR |

PRINCIPAL
ASTHA MAHAVIDYALAYA
ITAWA KOTA (RAJ.)

24/12/24